**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 301**

**मंगलवार, 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# भौगोलिक संकेतक

**301. श्री जगदम्बिका पाल:**
**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से आने वाले उत्पादों को जिला-वार और वर्ष-वार कितने भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित स्थानीय कारीगरों और किसानों के लिए इन भौगोलिक संकेतक उत्पादों से उत्पन्न वार्षिक आर्थिक मूल्य का आकलन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में जीआई उल्लंघन के कितने मामले सामने आए हैं, जिनमें ऑनलाइन और पड़ोसी राज्यों में बेचे जाने वाले नकली बनारसी साड़ियाँ, लखनऊ चिकन कढ़ाई, काला नमक, चावल, नकली कुल्लू शॉल, कांगड़ा चाय, चंबा रुमाल और हिमाचली काला जीरा तथा अन्य जीआई उत्पाद शामिल हैं;

(घ) हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित भौगोलिक संकेतक अधिनियम, 1999 के अंतर्गत लगाई गई शास्ति क्या है और जब्त की गई नकली वस्तुओं की मात्रा कितनी है; और

(ङ) उत्तर प्रदेश में समर्पित जीआई प्रवर्तन प्रकोष्ठों की स्थापना किए जाने, ई-कॉमर्स मंचों को जीआई प्रामाणिकता सत्यापित करने के लिए अधिकृत किए जाने तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को नकल और मिलावट से बचाने के लिए राज्य-विशिष्ट जागरूकता अभियान शुरू किए जाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क)**: उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में बनने वाले उत्पादों को दिए गए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग्स की कुल संख्या क्रमशः 81 और 11 है। उत्तर प्रदेश और

हिमाचल प्रदेश में बनने वाले उत्पादों को दिए गए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग्स का जिला और वर्षवार विवरण क्रमशः अनुबंध-क और अनुबंध-ख में दिया गया है।

**(ख)**: माल का भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत प्रदत्त जीआई संरक्षण, पंजीकृत स्वामियों और अधिकृत उपयोगकर्ताओं को इन उत्पादों से जुड़ी साख का लाभ उठाने की सुविधा प्रदान करता है। इस प्रकार की सुरक्षा, ब्रांड इक्विटी को मज़बूत करने, प्रीमियम प्राइसिंग, आय सृजन को बेहतर बनाने और इसमें शामिल कारीगरों, शिल्पकारों और किसानों के लिए व्यापक स्तर पर आर्थिक मूल्य अर्जित करने में योगदान करती है, जिससे कारीगरों, शिल्पकारों और किसानों की कुल आय में वृद्धि होती है। हालांकि, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के जीआई उत्पादों के आर्थिक मूल्य का विशेष तौर पर कोई आकलन नहीं किया गया है।

**(ग) से (ङ)**: डीपीआईआईटी के अधीन भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री, पंजीकृत स्वामी और अधिकृत उपयोगकर्ताओं को जीआई अधिकार प्रदान करती है, जिससे वे जीआई उत्पादों की विशेष पहचान और साख को सुरक्षित रख सकते हैं और उनका वाणिज्यिक लाभ उठा सकते हैं। किसी भी उल्लंघन के मामले में संबंधित जीआई स्वामी या अधिकृत उपयोगकर्ता को माल का भौगोलिक उपदर्शन (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत संबंधित न्यायिक या पुलिस प्राधिकारियों से शिकायत करनी होती है, जो इस अधिनियम के नियमों और संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार उपयुक्त पेनल्टी लगाते हैं।

इसके अलावा, जीआई उत्पादों की सुरक्षा और मान्यता का समर्थन करने हेतु जागरूकता और प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यकलाप किए जाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021 में वाराणसी में जीआई प्रदर्शनी और उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के सभी संस्करणों में जीआई प्रदर्शनी सहित कई प्रदर्शनियों का आयोजन किया है। हिमाचल प्रदेश में, हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद (एचआईएमसीओएसटीई) राज्य के जीआई उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित करती है।

*****

**अनुबंध-क**

**दिनांक 02.12.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 301 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम. सं. | आवेदन सं. | भौगोलिक संकेतक | स्थिति | दायर करने की तारीख | श्रेणी | माल | जिला | भौगोलिक क्षेत्र | पंजीकरण का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50 | इलाहाबाद के सुर्खा अमरूद | पंजीकृत | 13.02.2006 | 31 | कृषि | इलाहाबाद जिला | उत्तर प्रदेश | 2008 |
| 2 | 99 | बनारस ब्रोकेड और साड़ियां | पंजीकृत | 04.07.2007 | 23, 24, 25 और 26 | हस्तशिल्प | वाराणसी, आजमगढ़, मिर्ज़ापुर, संत रवि नगर और चंदौली जिले | उत्तर प्रदेश | 2009 |
| 3 | 119 | लखनऊ की चिकनकारी | पंजीकृत | 07.12.2007 | 26 | हस्तशिल्प | लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, सुल्तानपुर, रायबरेली और खीरी लखीमपुर जिले | उत्तर प्रदेश | 2008 |
| 4 | 125 | आम मलीहाबादी दशहरी | पंजीकृत | 15.05.2008 | 31 | कृषि | लखनऊ जिला (मलीहाबाद) | उत्तर प्रदेश | 2009 |
| 5 | 145 | बासमती | पंजीकृत | 26.11.2008 | 30 | कृषि | पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और पश्चिमी उत्तर के कुछ हिस्सों प्रदेश और जम्मू और कश्मीर | भारत (पंजाब / हरियाणा / हिमाचल प्रदेश / दिल्ली / उत्तराखंड /पश्चिमी उत्तर प्रदेश | 2016 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | का कुछ भाग / जम्मू और कश्मीर | |
| 6 | 148 | भदोही का हाथ से बना कालीन | पंजीकृत | 02.12.2008 | 27 | हस्तशिल्प | भदोही, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, गाज़ीपुर, सोनभद्र, कौशाम्बी, इलाहाबाद, जौनपुर, गाज़ीपुर, चंदौली जिले | उत्तर प्रदेश | 2010 |
| 7 | 155 और 156 | फिरोजाबाद कांच | पंजीकृत | 09.02.2009 | 9,11 और 21 | हस्तशिल्प | फिरोजाबाद जिला | उत्तर प्रदेश | 2014 |
| 8 | 157 और 158 | कन्नौज का इत्र | पंजीकृत | 09.02.2009 | 3 | विनिर्मित | कन्नौज जिला | उत्तर प्रदेश | 2014 |
| 9 | 159 और 160 | कानपुर सैडलरी | पंजीकृत | 09.02.2009 | 18 | हस्तशिल्प | कानपुर जिला और उन्नाव जिला | उत्तर प्रदेश | 2014 |
| 10 | 161 और 162 | मुरादाबाद का धातु शिल्प | पंजीकृत | 09.02.2009 | 6 | हस्तशिल्प | मुरादाबाद जिला | उत्तर प्रदेश | 2014 |
| 11 | 177 | वाराणसी की कांच मनका | पंजीकृत | 06.07.2009 | 21 | हस्तशिल्प | वाराणसी जिला | उत्तर प्रदेश | 2017 |
| 12 | 178 | खुर्जा के मिट्टी के बर्तन | पंजीकृत | 06.07.2009 | 9,11 & 21 | हस्तशिल्प | बुलंदशहर जिला (खुर्जा) | उत्तर प्रदेश | 2015 |
| 13 | 184 | सहारनपुर का काष्ठ शिल्प | पंजीकृत | 17.08.2009 | 20 | हस्तशिल्प | सहारनपुर जिला | उत्तर प्रदेश | 2014 |
| 14 | 205 | काला नमक चावल | पंजीकृत | 25.03.2010 | 30 | कृषि | बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, गोंडा, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर और | उत्तर प्रदेश | 2013 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | स्रावस्ती जिले | | |
| 15 | 206 | रतौल आम | पंजीकृत | 05.04.2010 | 31 | कृषि | बागपत जिला | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 16 | 233 | आगरा की दरी | पंजीकृत | 01.04.2011 | 27 | हस्तशिल्प | आगरा जिला | उत्तर प्रदेश | 2013 |
| 17 | 234 | फर्रुखाबाद प्रिंट | पंजीकृत | 01.04.2011 | 24 और 25 | हस्तशिल्प | फर्रुखाबाद जिला | उत्तर प्रदेश | 2013 |
| 18 | 236 | लखनऊ की ज़रदोज़ी | पंजीकृत | 01.04.2011 | 26 | हस्तशिल्प | लखनऊ, हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव, सीतापुर, खीरी लखीमपुर और सुल्तानपुर जिले | उत्तर प्रदेश | 2013 |
| 19 | 237 | बनारस के ब्रोकेड और साड़ियां (प्रतीक चिन्ह) | पंजीकृत | 29.04.2011 | 23, 24, 25 और 26 | हस्तशिल्प | वाराणसी, आजमगढ़, मिर्ज़ापुर, संत रवि नगर और चंदौली | उत्तर प्रदेश | 2013 |
| 20 | 389 | मेरठ की कैंची | पंजीकृत | 12.12.2012 | 8 | विनिर्मित | मेरठ जिला | उत्तर प्रदेश | 2015 |
| 21 | 397 | बनारस गुलाबी मीनाकारी शिल्प | पंजीकृत | 24.01.2013 | 27 | हस्तशिल्प | वाराणसी जिला | उत्तर प्रदेश | 2015 |
| 22 | 398 | बनारस का उभारदार धातु शिल्प | पंजीकृत | 24.01.2013 | 27 | हस्तशिल्प | वाराणसी, मिर्जापुर और चंदौली जिला | उत्तर प्रदेश | 2016 |
| 23 | 401 | महोबा देसावरी पान | पंजीकृत | 05.02.2013 | 31 | कृषि | महोबा जिला | भारत (उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश) | 14.09.2021 |
| 24 | 457 | वाराणसी लकड़ी के लैकरवेयर और खिलौने | पंजीकृत | 31.10.2013 | 27 | हस्तशिल्प | वाराणसी, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, चंदौली जिला | उत्तर प्रदेश | 2015 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 458 | मिर्जापुर की हाथ की बनी दरी | पंजीकृत | 31.10.2013 | 27 | हस्तशिल्प | मिर्ज़ापुर, भदोही, वाराणसी, गाज़ीपुर, सोनभद्र, कौशम्बी, इलाहाबाद, जौनपुर, गाज़ीपुर, चंदौली जिले | उत्तर प्रदेश | 2015 |
| 26 | 459 | निजामाबाद के काली मिट्टी के बर्तन | पंजीकृत | 31.10.2013 | 27 | हस्तशिल्प | आजमगढ़ जिला | उत्तर प्रदेश | 2015 |
| 27 | 555 | गाजीपुर वाल हैंगिंग | पंजीकृत | 25.07.2016 | 27 | हस्तशिल्प | गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी जिले | उत्तर प्रदेश | 2018 |
| 28 | 556 | वाराणसी की महीन पत्थर जालीदार कारीगरी | पंजीकृत | 25.07.2016 | 27 | हस्तशिल्प | वाराणसी, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, चंदौली जिले | उत्तर प्रदेश | 2018 |
| 29 | 557 | चुनार का बलुआ पत्थर | पंजीकृत | 25.07.2016 | 19 | प्राकृतिक | मिर्ज़ापुर, चंदौली, और सोनभद्र जिले | उत्तर प्रदेश | 2019 |
| 30 | 619 | गोरखपुर का टेराकोटा | पंजीकृत | 10.09.2018 | 21 | हस्तशिल्प | गोरखपुर | उत्तर प्रदेश | 2020 |
| 31 | 620 | बनारस की ज़रदोज़ी | पंजीकृत | 10.09.2018 | 26 | हस्तशिल्प | वाराणसी जिला, चंदौली जिला, आजमगढ़, मऊ, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, भदोही और सोनभद्र | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 32 | 621 | चुनार ग्लेज़ मिट्टी के बर्तन | पंजीकृत | 10.09.2018 | 21 | हस्तशिल्प | मिर्जापुर जिला और वाराणसी जिला | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 33 | 622 | मिर्जापुर के पीतल के बर्तन | पंजीकृत | 10.09.2018 | 21 | हस्तशिल्प | मिर्जापुर जिला, वाराणसी जिला और चंदौली जिला | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 34 | 623 | बनारस की लकड़ी की नक्काशी | पंजीकृत | 10.09.2018 | 20 | हस्तशिल्प | मिर्ज़ापुर जिला, वाराणसी जिला, सोनभद्र और चंदौली जिले | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 35 | 624 | बनारस हैंड | पंजीकृत | 10.09.2 | 24 | हस्तशि | वाराणसी जिला | उत्तर | 2021 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्लॉक प्रिंट | | 018 | और 25 | ल्प | और चंदौली जिला | प्रदेश | |
| 36 | 645 | मऊ साड़ी | पंजीकृत | 04.03.2019 | 24 और 25 | हस्तशिल्प | मऊ जिला | उत्तर प्रदेश | 2021 |
| 37 | 661 | आगरा स्टोन इनले वर्क | पंजीकृत | 30.09.2019 | 19 और 20 | हस्तशिल्प | आगरा जिला | उत्तर प्रदेश | 2025 |
| 38 | 664 | अलीगढ़ का ताला | पंजीकृत | 09.10.2019 | 6 | हस्तशिल्प | अलीगढ़ जिला और हाथरस जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 39 | 665 | बखीरा के पीतल के बर्तन | पंजीकृत | 09.10.2019 | 21 | हस्तशिल्प | संत कबीर नगर जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 40 | 666 | बांदा शज़र पत्थर शिल्प | पंजीकृत | 09.10.2019 | 14 | हस्तशिल्प | बाँदा जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 41 | 667 | नगीना लकड़ी शिल्प | पंजीकृत | 09.10.2019 | 20 | हस्तशिल्प | बिजनौर जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 42 | 668 | प्रतापगढ़ का आंवला | पंजीकृत | 09.10.2019 | 31 | कृषि | प्रतापगढ़ जिला, राय बरेली जिला, सुल्तानपुर जिला, जौनपुर जिला और वाराणसी जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 43 | 670 | अमरोहा का ढोलक | पंजीकृत | 24.10.2019 | 15 | हस्तशिल्प | अमरोहा जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 44 | 671 | महोबा का गौरा पत्थर हस्तशिल्प | पंजीकृत | 24.10.2019 | 14 | हस्तशिल्प | महोबा जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 45 | 672 | हाथरस की हींग | पंजीकृत | 24.10.2019 | 30 | खाद्य सामग्री | हाथरस जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 46 | 673 | मैनपुरी तारकशी | पंजीकृत | 24.10.2019 | 20 | हस्तशिल्प | मैनपुरी जिला और कन्नौज जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 47 | 674 | संभल का सींग हस्तशिल्प | पंजीकृत | 24.10.2019 | 20 | हस्तशिल्प | संभल जिला और मुरादाबाद जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 48 | 677 | रामपुर का पैचवर्क | पंजीकृत | 28.11.2019 | 24,25 और 26 | हस्तशिल्प | रामपुर जिला | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 49 | 678 | बरेली का टेराकोटा | पंजीकृत | 28.11.2019 | 21 | हस्तशिल्प | बरेली जिला | उत्तर प्रदेश | 2025 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | 715 | आदमचीनी चावल | पंजीकृत | 04.11.2020 | 31 | कृषि | चंदौली जिला, मिर्ज़ापुर जिला, सोनभद्र, वाराणसी, गाज़ीपुर, बलिया जिले | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 51 | 716 | बनारस का लंगडा आम | पंजीकृत | 04.11.2020 | 31 | कृषि | वाराणसी जिला, मिर्ज़ापुर जिला, जौनपुर जिला, चंदौली जिला, गाज़ीपुर जिला और बलिया जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 52 | 717 | रामनगर का भांटा (बैंगन) | पंजीकृत | 04.11.2020 | 31 | कृषि | वाराणसी जिला, मिर्ज़ापुर जिला, चंदौली जिला, सोनभद्र | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 53 | 721 | आगरा का चमड़ा फुटवियर | पंजीकृत | 02.12.2020 | 25 | विनिर्मित | आगरा जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 54 | 722 | जलेसर का धातु शिल्प | पंजीकृत | 02.12.2020 | 6 | हस्तशिल्प | एटा जिला और हाथरस जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 55 | 723 | मुजफ्फरनगर का गुड़ (जैगरी) | पंजीकृत | 02.12.2020 | 30 | खाद्य सामग्री | मुजफ्फरनगर, बागपत, शामली, मेरुत, बिजनौर और सहारनपुर | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 56 | 730 | बनारस का पान | पंजीकृत | 30.12.2020 | 31 | कृषि | वाराणसी, मिर्ज़ापुर, जौनपुर, चंदौली, गाजीपुर, बलिया, आजमगढ़ और सोनभद्र जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 57 | 731 | बागपत की घर सज्जा की वस्तुएं | पंजीकृत | 30.12.2020 | 24 और 25 | हस्तशिल्प | बागपत जिला, मेरठ जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 58 | 732 | बाराबंकी के हथकरघा उत्पाद | पंजीकृत | 30.12.2020 | 24 | हस्तशिल्प | बाराबंकी जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |
| 59 | 733 | कालपी का हाथ का बना | पंजीकृत | 30.12.2020 | 16 | हस्तशिल्प | जालौन जिला | उत्तर प्रदेश | 2023 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कागज़ | | | | | | | |
| 60 | 818 | मथुरा सांझी शिल्प | पंजीकृत | 19.01.2022 | 16 | हस्तशिल्प | मथुरा | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 61 | 819 | बुंदेलखंड का काठिया गेहूं (व्हीट) | पंजीकृत | 24.01.2022 | 31 | कृषि | झांसी जिला, जालौन जिला, ललितपुर जिला, हमीरपुर जिला, महोबा जिला, बाँदा जिला, चित्रकूट जिला, दतिया जिला, टीकमगढ़ जिला, छतरपुर जिला, पन्ना जिला, सागर जिला, दमोह जिला | भारत (उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश) | 30.03.2024 |
| 62 | 820 | पिलखुआ हैंड ब्लॉक प्रिंट वस्त्र | पंजीकृत | 25.01.2022 | 24 | हस्तशिल्प | हापुड़, गाजियाबाद | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 63 | 822 | बनारस का तबला | पंजीकृत | 01.02.2022 | 15 | हस्तशिल्प | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 64 | 823 | बनारस की लाल भरवा मिर्च | पंजीकृत | 03.02.2022 | 31 | कृषि | वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, गाजीपुर और बलिया | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 65 | 824 | पीलीभीत की बांसुरी | पंजीकृत | 03.02.2022 | 15 | हस्तशिल्प | पीलीभीत | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 66 | 833 | वाराणसी का चिराईगांव करौंदा | पंजीकृत | 15.02.2022 | 31 | कृषि | वाराणसी जिला | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 67 | 859 | बनारस का लाल पेड़ा | पंजीकृत | 28.03.2022 | 29 | खाद्य सामग्री | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 68 | 923 | बनारस का धातु ढलाई शिल्प | पंजीकृत | 11.07.2022 | 14 | हस्तशिल्प | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 69 | 924 | बनारस की शहनाई | पंजीकृत | 11.07.2022 | 15 | हस्तशिल्प | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 70 | 926 | बरेली बेंत और बांस शिल्प | पंजीकृत | 18.07.2022 | 20 | हस्तशिल्प | बरेली | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 71 | 928 | उत्तर प्रदेश | पंजीकृत | 19.07.2 | 26 | हस्तशि | लखीमपुरी खीरी, | उत्तर | 2024 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | की थारू कढ़ाई | | 022 | | ल्प | बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और स्रावस्ती | प्रदेश | |
| 72 | 929 | बरेली की ज़री ज़रदोजी | पंजीकृत | 19.07.2022 | 26 | हस्तशिल्प | नैनीताल, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर और रामपुर | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 73 | 930 | संभल का हड्डी शिल्प | पंजीकृत | 22.07.2022 | 20 | हस्तशिल्प | संभल, बागपत, गौतमबुद्ध और गाजियाबाद | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 74 | 933 | उत्तर प्रदेश की मूंज शिल्प | पंजीकृत | 28.07.2022 | 20 | हस्तशिल्प | प्रयागराज, कौशाम्बी, मिर्ज़ापुर, भदोही, सोनभद्र, वाराणसी, जौनपुर, सुल्तानपुर और अमेठी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 75 | 936 | चित्रकूट की लकड़ी शिल्प और खिलौने | पंजीकृत | 02.08.2022 | 20 | हस्तशिल्प | चित्रकूट, बाँदा | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 76 | 941 | बनारस की तिरंगी बर्फी | पंजीकृत | 12.08.2022 | 29 | खाद्य सामग्री | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 77 | 999 | जौनपुर की इमरती | पंजीकृत | 26.10.2022 | 29 | खाद्य सामग्री | जौनपुर | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 78 | 1000 | बनारस की ठंडाई | पंजीकृत | 26.10.2022 | 32 | खाद्य सामग्री | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 79 | 1033 | बनारस की दीवार चित्रकारी | पंजीकृत | 16.12.2022 | 16 | हस्तशिल्प | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | 2024 |
| 80 | 1147 | मथुरा की ज़री पोशाक | पंजीकृत | 04.10.2023 | 26 | हस्तशिल्प | मथुरा | उत्तर प्रदेश | 2025 |
| 81 | 1219 | मेरठ का बिगुल (वाद्य यंत्र) | पंजीकृत | 09.04.2024 | 15 | विनिर्मित माल | मेरठ जिला | उत्तर प्रदेश | 2025 |

******

**अनुबंध - ख**

**दिनांक 02.12.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 301 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम सं. | आवेदन सं. | भौगोलिक संकेतक | स्थिति | दायर करने की तारीख | श्रेणी | माल | जिला | भौगोलिक क्षेत्र | पंजीकरण का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19 | कुल्लू की शाल | पंजीकृत | 10.12.2004 | 24 | हस्तशिल्प | कुल्लू जिला और मंडी जिला | हिमाचल प्रदेश | 2005 |
| 2 | 25 | कांगड़ा की चाय | पंजीकृत | 11.02.2005 | 30 | कृषि | कांगड़ा जिला, चंबा जिला और मंडी जिला | हिमाचल प्रदेश | 2005 |
| 3 | 79 | चंबा के रूमाल | पंजीकृत | 22.01.2007 | 24 | हस्तशिल्प | चंबा जिला | हिमाचल प्रदेश | 2008 |
| 4 | 145 | बासमती | पंजीकृत | 26.11.2008 | 30 | कृषि | पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुछ हिस्सा और जम्मू और कश्मीर | भारत (पंजाब/ हरियाणा/ हिमाचल प्रदेश /दिल्ली/ उत्तराखंड /पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुछ भाग /जम्मू और कश्मीर | 2016 |
| 5 | 149 | किन्नौरी शाल | पंजीकृत | 04.12.2008 | 24 | हस्तशिल्प | किन्नौर जिला | हिमाचल प्रदेश | 2010 |
| 6 | 381 और 413 | कांगड़ा की पेंटिंग्स | पंजीकृत | 02.04.2012 16.05.2013 | 16 | हस्तशिल्प | कांगड़ा, हमीरपुर और उना जिले | हिमाचल प्रदेश | 2014 |
| 7 | 383 | कुल्लू की शाल (प्रतीक चिन्ह) | पंजीकृत | 23.05.2012 | 24 | हस्तशिल्प | कुल्लू और मंडी जिले | हिमाचल प्रदेश | 2014 |
| 8 | 432 | हिमाचली काला ज़ीरा | पंजीकृत | 17.07.2013 | 31 | कृषि | किन्नौर, लाहौल और स्पीति, कुल्लू , चंबा, शिमला और सिरमौर जिले | हिमाचल प्रदेश | 2019 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 468 | हिमाचली चुल्ली तेल | पंजीकृत | 24.02.2014 | 31 | विनिर्मित | किन्नौर, शिमला, मंडी, सिरमौर, कुल्लू और सोलन जिले | हिमाचल प्रदेश | 2019 |
| 10 | 614 | चंबा की चप्पल | पंजीकृत | 25.05.2018 | 25 | हस्तशिल्प | चंबा जिला | हिमाचल प्रदेश | 2021 |
| 11 | 647 | लाहौली के बुने हुए मोज़े और दस्ताने | पंजीकृत | 14.05.2019 | 25 | हस्तशिल्प | लाहौल और स्पीति जिला | हिमाचल प्रदेश | 2021 |

*****